>

Title: Need to expedite construction of National Highway No. 28 connecting Lucknow and Muzaffarpur.

श्री अरविन्द कुमार चौधरी (बस्ती): देश के कुछ राज्यों के हिस्सों में मंजूर किये गये राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण कार्यों में लगातार देरी हो रही है जिससे ऐसे प्रोजेक्टों की लागत में वृद्धि हो रही है जिसमें उ.प्र. राज्य का प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग नं.28 भी है जो कि लखनऊ से मुजफ्फरपुर को जोड़ता है। इस मार्ग के निर्माण का कार्य पिछले कई वर्षो से अधूरा है। केन्द्र द्वारा इस मार्ग के निर्माण कार्य की अनदेखी की जा रही है। ऐसी कौन सी बाधायें हैं कि जिससे कि निर्माण कार्य बाधित है। इस मार्ग से कई जनपद जुड़ते हैं जो कि वहां की जनता को यातायात से फायदा पहुंचा सकते हैं। केन्द्र शीघ्र इस मार्ग के निर्माण कार्य करने की गति का मूल्यांकन पुनः करें, जिससे शीघ्र मार्ग का निर्माण कार्य हो सके।